Odisha Generation Phase II Transmission Ltd.
Project Office : House No. : 1/03, Phase-II
Surya Vihar, Junwani, Bhilai, Pin - 490020 (C.G.)
CIN No - U40300DL2015GO1279183
Tel :- 0788 4900446, Web :- www.sterlitegrid.com

O/C

क्रमांक / **OGPTL/Forest/2016-17/50** दिनांक 23.07.2016

प्रति,

कलेक्टर महोदय,

जिला–बेमेतरा (छ0ग0)

द्वारा :- कलेक्टर भू-अभिलेख बेमेतरा (छ.ग.)

विषयः– 765 के.व्ही D/C **झारसुगुडा(सुन्दरगढ)–रायपुर** विद्युत पारेषण लाइन से प्रभावित वन भूमि के व्यापवर्तन हेतु आदिम जाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 के अन्तर्गत वन अधिकार प्रभावित न होने/स्थापित होने का प्रमाण पत्र फार्म–1 में प्रदाय करने बाबत्।

संदर्भः–

1.भारत सरकार मंत्रालय पर्यावरण एवं वन (एफ.सी.डिवीजन) के पत्र क्रमांक **F.No.-11-9/98-FC (Pt) दिनांक 5 फरवरी 2013**

2. भारत सरकार मंत्रालय पर्यावरण एवं वन (एफ.सी.डिवीजन) के पत्र क्रमांक **F.No.-11-9/98-FC (Pt) दिनांक 5 जुलाई 2013** एवं प्रस्तावित प्रमाण पत्र का प्रारूप फार्म–1

3. भारत सरकार मंत्रालय पर्यावरण एवं वन (एफ.सी.डिवीजन) के पत्र क्रमांक **F.No.-11-9/98-FC (Pt) दिनांक 5 जनवरी 2014**

4. भारत सरकार उर्जा मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली के पत्र कं/68/ER/2015/1301 दिनाकं 3.6.2015

महोदय,

सदंर्भित विषयांतर्गत निवेदन है कि ओडिशा जेनेरशन फेज–II ट्रांशमिशन लिमिटेड(OGPTL को 765 के.व्ही D/C **झारसुगुडा(सुन्दरगढ)–रायपुर** विद्युत पारेषण लाईन निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार उर्जा मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण नई दिल्ली के पत्र कं/68/ER/2015/1301 दिनाकं 3.6.2015 द्वारा स्वीकृत है। जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 68 द्वारा अनुमोदित है। (संलग्न है)

भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के संदर्भित निर्देशानुसार, आदिम जाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रभावित वन भूमि व्यपवर्तन क्षेत्र में वन अधिकार को स्थापित होने /प्रभावित न होने से संबंधित प्रमाण पत्र की आवश्यकता वन भूमि व्यापवर्तन प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु आवश्यक है।

प्रस्तावित विद्युत पारेषण लाईन निर्माण से प्रभावित होने वाले ग्राम का विवरण निम्नानुसार

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा जिला-बेमेतरा (छ.ग.) 23/7/2016

Odisha Generation Phase II Transmission Ltd.
Project Office : House No. : 1/03, Phase-II
Surya Vihar, Junwani, Bhilai, Pin - 490020 (C.G.)
CIN No - U40300DL2015GO1279183
Tel :- 0788 4900446, Web :- www.sterlitegrid.com

| कं | जिला | तहसील | ग्राम | खसरा कं | भूमि का मद | कुल रकबा(हे.) | प्रभावित रकबा(हे.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेमेतरा | बेरला | आनंदगॉव | 19 | घास | 17.500 | 1.970 |

अतः निवेदन है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में उपरोक्त विद्युत पारेषण लाइन से प्रभावित ग्राम के अंतर्गत की वन भूमि में आदिम जाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 के अन्तर्गत वनअधिकार स्थापित किये जाने/प्रभावित न होने का प्रमाण पत्र प्रदाय करने की कृपा करें एवं ग्राम स्तरिय वन अधिकार समिति, अनुविभागीय स्तरीय वन अधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के प्रस्ताव की छायाप्रति के साथ प्रदाय करने की कृपा करें ताकि वन भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु तैयार किया जा सके।

आवेदन पत्र अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

संलग्न : – उपरोक्तानुसार

Odisha Generation Phase II Transmission Ltd.

Nishant Acharya

कृते ओडिशा जेनेरशन फेज–II ट्रांसमिशन लिमिटेड

ODISHA GENERATION PHASE II TRANSMISSION LIMITED